सर्कारी प्रौढशाला कडतूरू

तीर्थहल्ली तहसील प्रतिदर्श प्रश्नपत्र-2019-20

विषय: हिन्दी **कक्षा:9वी** **समय:2.30 घंटा** **कुल अंक:80**

१.निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं,उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 8

1'शिष्य' शब्द का अन्यलिंग रूप है--------।

A.शिष्यों B.शिष्या C.शिष्यें D.शिष्य

2.निम्नलिखित मे से एकवचन शब्द है-------।

A.नदियाँ B.घटनाएँ C.दरवाजें D.आँख

3.'निराशा' शब्द का विलोम रूप है--------।

A.अविश्वास B.आशा C.असफ़लता D.चलना

4.'( )' यह -------चिन्ह है।

A.पूर्णविराम B.अर्धविराम C.अल्पविराम D.कोष्टक चिन्ह

5.'हिमालय' शब्द मे ------संधी है।

A.गुण संधी B.दीर्घ संधी C.यण संधी D.अयादि संधी

6.'गुलाब सिंह ने' यहा -----कारक है।

A.कर्ताकारक B.कर्मकारक C.करणकारक D.संप्रदानकारक

7.'पानी पिलाना' इस मुहावरे का अर्थ है-------।

A.अटल रहना B.कहना C.सबक सिखाना D.भाग जाना

8.'वायु' इसके पर्यायवाची रूप है------।

A.हवा B.ताप C.पानी D.आग

२.निम्नलिखित प्रथम् दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का सम्बंदित शब्द लिखिए। 4*1=4

9.सागर:विशाल ::हिमालय:------------?

10.त्रिधारा :कविथा:: बिखरेमोती:-------?

11.ए जेब : औरंगजेब ::एस गुप्त :------?

12.काका :काकी :: चाचा :------------?

३.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर् एक् एक् वाक्य मे लिखिए। 4*1=4

13.भीम और राक्षस एकांकी के लेखक कौन् है?

14.विवेकानंद का देहांत कब हुआ?

15.किसके कारण आज हम नाम छोटे-छोटे रख रहे है?

16.क्या अनमोल है?

४.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों मे लिखिए। 8*2=16

17.हिमालय के बारे में कवि की भावना क्या है?

18.भाई को बहन कैसे विदा करती है?

19.विवेकानंद कि रुचि किन-किन विषयों में थी?

20.पर्यावरण का महत्व समझाइए।

21.बाबू भाई ने किन-किन से मदद माँगी?

22.'आज मेरे सामने है रास्ता इतना पडा' पंक्ती का आशय क्या है?

23.विभु ने सडक को सांत्वना देते हुए क्या कहाँ?

24.कल्पना का जन्म कहा हुआ और उनकी बचपन की क्या आकांक्षा थी? अथवा

कल्पना को प्यार से क्या कहा जाता था और उनका देहांत कब हुआ?

५.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों मे लिखिए। 9*3=27

25.बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की?

26.चीरापूँजी की विशेषता बताते हुए माइती बाजार के बारे मे लिखिए?

27.चौराहों के संकेतों को बताते हुए दुर्घटना से बचने के दो उपाय बताइए?

28.बोझ् कैसे उठाना चाहिए और मेहनतकरनेवाले मिल्कर कदम बढाते हैं तो क्या होता है?

29.सूर्य से हमे क्या क्या मिलता हैं?तीन ऊर्जाऒ के नाम लिखिए?

30.चेन्नम्मा को उत्तराधिकार के रूप मे क्या मिला था?उनके माता पिता का नाम क्या है?

31.टी नरसीपुर के संक्षिप्तीकरण तथा करिदोड्डन पाल्य के बारे मे लेखक का अभिप्राय बताइए?

32.विभु ने अंत मे क्या तय किया?

33.गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए।

उसका पूरा नाम बकासुर है।बडा अजीब आदमी है।इस नगरी का राजा बडा दुर्बल है।

६.निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छ वाक्यों में लिखिए। 2*4=8

34.खेलों के लाभ बताते हुए खेलों के प्रकारॊ को लिखकर कुछ उदहरण दीजिए।

35.निम्नलिखित दोहे पूर्ण कीजिए।

तरुवर --------------------भुजंग।

36.गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए। 1 *4=4

कई साल पहले ऒलंपिक खेलों के दौरान एक विशेष दौड होने जा रही थी।सौ मीटर की इस दौड में एक गजब की घटना हुई।नौ प्रतिभागी शुरुआत की रेखा पर तैयार खडे थे।उन सभी को कोई-न -कोई शारीरिक विकलांगता थी।

क.विशेष दौड होने जा रही थी क्यों?

ख.कितने मीटर की दौड मे गजब की घटना हुई?

ग.कितने प्रतिभागी शुरुआत की रेखा पर तैयार थे?

घ.किसको शारीरिक विकलांगता थी?

37.दिए गए संकेत बिन्दुऒं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए। 1*4=4

१.पुस्तकों का महत्व * लाभ * प्रभाव * मनुष्य का मित्र * उपसंहार

२.स्वास्थ्य और स्वच्छता * प्रस्तावना * महत्व *आवश्यकता * उपसंहार

३.समय अनमोल है * स्तावना * महत्व * आवश्यकता * उपसंहार

38.अपनी परीक्षा परिणाम के बारे में पिता के नाम पत्र लिखिए। अथवा 1*5=5

तीन दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य के नाम प्रार्थना पत्र लिखिए।